सत्यमेव जयते	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
	साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
	कार्तिक 27, गुरूवार, शाके 1943-नवम्बर 18, 2021 *Kartika 27, Thursday , Saka 1943- November 18, 2021*	

भाग 6 (ख)

जिला बोर्डो, परिषदों एवं नगर आयोजना संबंधी, विज्ञप्तियां आदि।

कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

अधिसूचना

जोधपुर, नवम्बर 18, 2021

संख्या F-37/**नि.आ./जो.वि.प्रा/जेडडीपी**/2021/1279 :-जोधपुर विकास प्राधिकरण अधिनियम 2009 की धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जोधपुर मास्टर डवलपमेन्ट प्लान-2031 क्षेत्र हेतु नगर निगम (जोन-दक्षिण) का प्रारूप जोनल डवपलमेन्ट प्लान प्राधिकरण की परिचलन प्रस्ताव दिनांक 17.11.2021 द्वारा आम जनता से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये जाने हेतु अनुमोदन करने का निर्णय लिया गया। उक्त के क्रम में दिनांक 19.11.2021 से आम जनता से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये जाने है।

अत: उपरोक्तानुसार प्रारूप जोनल विकास योजना नगर निगम (जोन-दक्षिण) के सबंध में किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति/सुझाव प्रस्तुत करना हो तो वे अपने आपत्ति/सुझाव इस विज्ञप्ति के जारी होने की दिनांक से 20 दिवस की कालावधि में नगर निगम दक्षिण, जोधपुर के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। इस संबंध में निर्धारित कालावधि के पश्चात् प्राप्त होने वाले आपत्ति/सुझाव स्वीकार योग्य नही होंगे।

उपरोक्तानुसार अधिसूचना प्रारूप जोनल विकास योजना नगर निगम (जोन-दक्षिण) का अवलोकन नगर निगम, दक्षिण जोधपुर के नागरिक सुविधा केन्द्र, नगर निगम दक्षिण जोधपुर की वेबसाईट https://urban.rajasthan.gov.in/content/raj/udh/en/LSG/nagar-nigam/nagar-nigam-jodhpur/home.html एवं जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की वेबसाईट www.urban.rajasthan.gov.in/jda पर किया जा सकता है।

सचिव,
जोधपुर विकास प्राधिकरण,
जोधपुर।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।